दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

वर्ष-3, अंक-25
इन्दौर, बुधवार
25 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी ढेर

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने इस सप्ताह सीरिया के पूर्वी प्रांत दयार अज़-ज़ूर में इस्लामिक स्टेट (आईएस, आईएसआईएस, रूस में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन) के ठिकाने पर हवाई हमला किया, जिसमें दो संदिग्ध आईएस आतंकवादियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अमेरिका की केन्द्रीय कमान (सेंटकॉम) ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, सेंटकॉम बलों ने 23 दिसंबर को सीरिया के दयार अज़ ज़ूर प्रांत में एक सटीक हवाई हमला किया, जिसमें दो आईएसआईएस आतंकवादियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

### विस्फोटक फैक्टरी में विस्फोट से 12 लोगों की मौत

**इस्तांबुल, (एजेंसी)।** तुर्की के बालिकेसिर प्रांत में एक विस्फोटक फैक्टरी में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। सबाह अखबार ने मंगलवार को प्रांत के गवर्नर इस्माइल उस्ताओग्लू के हवाले से कहा, बालिकेसिर प्रांत के करेसी क्षेत्र में एक विस्फोटक कारखाने में विस्फोट हुआ, जिसमें 12 लोग मारे गए और तीन लोग घायल हो गए।

### भाजपा नेता कुलदीप सेंगर की अंतरिम जमानत 20 जनवरी तक बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उन्नाव बलात्कार मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता कुलदीप सेंगर की अंतरिम जमानत 20 जनवरी तक बढ़ा दी। भाजपा नेता सेंगर उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की जेल की सजा काट रहा है। चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की याचिका पर सुनवाई कर न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने जमानत विस्तार का आदेश दिया। 20 दिसंबर को सुनवाई में जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस अमित शर्मा की पीठ ने सेंगर की जमानत 20 जनवरी तक बढ़ा दी।

# कथा श्रवण से मिलती है जीवन दर्शन की राह : मुख्यमंत्री

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति का अपना विशेष महत्व है। मनुष्य जीवन सत्कर्म के लिए प्राप्त हुआ है। कथा श्रवण के माध्यम से हमें जीवन दर्शन की राह मिलती है, जो हमें सदमार्ग की ओर चलने के लिए सदैव प्रेरित करती है। गौमाता की सेवा भगवान की सेवा के समान है।

संत कमल किशोर नागर महाराज गौसेवा के एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है। संत श्री के प्रयासों से मालवा, निमाड़, जनजाति अंचल सहित प्रदेश भर में गौमाताओं के पालन का दायित्व निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय और वंदनीय है। भगवत गीता से हमें कर्म के प्रति आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति ऐसे सदकर्म करें, जिससे उनकी भावी पीढ़ी पुण्य के मार्ग पर चले और मनुष्य जीवन को सार्थक बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार



को इंदौर जिले के सांवेर स्थित चित्तौडा में श्रीमद्भागवत गौशाला में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमद्भागवत गौशाला चित्तौडा की भूमि को गौशाला के नाम करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गीता जयंती के आयोजन से पूरे प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के कर्म के संदेश को पहुंचाने का कार्य किया गया है। संत श्री कमल किशोर जी नागर के द्वारा निस्वार्थ भाव से गौशाला संचालन के लिए जो पुनीत कार्य की अलख जगाई गई है, वह वंदनीय है। संत श्री ने गौशाला संचालन के साथ कई आदर्श निर्मित किए हैं, जो समाज को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान विकास को एक नई दिशा देने का काम करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 25 दिसम्बर को केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से विकास को एक नई दिशा देंगे।

उन्होंने कहा प्रदेश में दो नदी जोड़ो अभियान से लगभग 25 जिलों के बड़े क्षेत्रों में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। नदी जोड़ो अभियान से प्रदेश का बड़ा क्षेत्र लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोवंश पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। घर-घर गोपाल और गांव-गांव वृंदावन बने, इसके लिए प्रदेश के 313 ब्लॉक के एक-एक गांव में जहां 500 से अधिक गोवंश होगा, उनको वृंदावन गांव बनाकर आदर्श रूप में विकसित करेंगे। वहीं 10 से अधिक गौमाता पालने वाले पशुपालकों को अनुदान देकर प्रोत्साहित करेंगे ताकि घर-घर गोपाल बने। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दूध खरीदी पर बोनस भी दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य कि जिससे घर-घर दूध उत्पादन बढ़े और प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गोपालन के प्रति लोगों में रुचि बढ़े, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने संत कमल किशोर जी नागर द्वारा गोवंश संरक्षण एवं गौशाला के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यास पीठ का पूजन कर संत श्री नागर का शाल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री चिंटू वर्मा सहित श्रीमद्भागवत गौ-शाला चित्तौडा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित थे।

### चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

# केंद्र ने पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक करने से इनकार किया था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के CCTV, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था। याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को रमेश ने कहा था- चुनाव आयोग



पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जाएगी।

#### चुनाव आयोग ने कानून में नियमानुसार शब्द जोड़ा

चुनाव आयोग (EC) की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2)(A) में बदलाव किया है।

नियम 93 कहता है- चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे। इसे बदलकर चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज नियमानुसार पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे कर दिया गया है।

#### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले की वजह से बदला नियम

अधिकारियों ने बताया था कि AI के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के CCTV फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। इसी कारण इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पब्लिक करने पर रोक लगाई गई है। हालांकि बदलाव के बाद भी ये रिकार्ड्स कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। दरअसल, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े दस्तावेज याचिकाकर्ता से साझा करने का निर्देश दिया था।

### आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी में कांग्रेस

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी है। सूत्रों ने बताया कि उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही 28 और उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। कांग्रेस ने माह के शुरुआत में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इस सूची में कांग्रेस ने बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को मैदान में उतारा है। पूर्व लोकसभा सदस्य और तीन बार की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे, संदीप दीक्षित को नई दिल्ली से मैदान में उतारा गया है, उनका सामना आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से होगा हैं।

### भागवत के बयान संतों में बढ़ी नाराजगी कहा-

# धार्मिक मामलों में दखल न दें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वसंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की नसीहत से साधु-संतों की नाराजगी बढ़ गई हैं। साधु-संतों के संगठन अखिल भारतीय संत समिति (एबीएसएस) ने मोहन भागवत की हालिया टिप्पणी पर नाराजगी जताई और इससे दूर रहने की सलाह दे डाली। एबीएसएस के महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि ऐसे धार्मिक मामलों पर निर्णय धर्माचार्यों को लेना चाहिए, इसमें किसी दूसरे को



दखल नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब धर्म का विषय आता है तो उसे धार्मिक गुरुओं को तय करने देना चाहिए, और जो भी वे तय करेंगे उसे संघ और विश्व हिंदू परिषद स्वीकार करेंगे। इससे पहले जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने भी मोहन भागवत के बयान को तुष्टीकरण वाला बताते हुए कहा था कि उन्हें हिंदू धर्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने संघ प्रमुख की आलोचना करते हुए उन पर राजनीतिक सुविधा के अनुसार बयान देने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि भागवत पहले भी ऐसे बयान दे चुके हैं और इसके बावजूद 56 नई जगहों पर मंदिर की संरचनाएं पहचानी गई हैं। इससे पता चलता है कि लोगों की इसमें रुचि है। उन्होंने कहा कि धार्मिक संगठन अक्सर जनभावना के आधार पर कार्य करते हैं, न कि राजनीतिक एजेंडे के आधार पर। ऐसा पहली बार हुआ है कि संघ प्रमुख की किसी बात को लेकर धर्माचार्यों और धार्मिक संगठनों ने इतनी तीखी प्रतिक्रिया दी है।

## संपादकीय

# मोहन भागवत हमारे नेतृत्वकर्ता और अनुशासक नहीं : रामभद्राचार्य

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत, हिंदू संगठनों और हिंदू धर्माचार्य स्वामी रामभद्राचार्य के बयानों ने देश में ऊहा-पोह की स्थिति पैदा कर दी है। सार्वजनिक मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सर्वोच्चता पर नई बहस शुरू हो गई है। रामभद्राचार्य द्वारा मोहन भागवत की टिप्पणी और हिंदू संगठनों के कामकाज पर व्यक्त असहमति को लेकर कड़े शब्दों में नाराजगी जताई है। रामभद्राचार्य ने कहा हिंदू समाज में विभिन्न दृष्टिकोण और विभिन्न विचारधारा मौजूद हैं। आरएसएस की स्थापना का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना था। इसके तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुवांशिक संगठन, धार्मिक, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपना पक्ष रखते रहे हैं। हिंदू धर्माचार्य भी अपने पारंपरिक विचारों और धार्मिक परंपराओं के साथ जुड़े रहते हैं। जब दोनों के दृष्टिकोण में अंतर सामने आता है, तो विचार-धाराओं का टकराव समय-समय पर पैदा होता है। रामभद्राचार्य का बयान यह बताता है, कि संघ के कार्य केवल सामाजिक संगठनों तक सीमित नहीं रह सकते हैं। धर्माचार्यों की राय को संघ द्वारा नजरअंदाज करने से गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। राममंदिर और अन्य धार्मिक मुद्दों पर आरएसएस के रुख को धर्माचार्य सराहनीय मानते हैं। वहीं धर्माचार्यों के मत का सम्मान करना संघ के लिए आवश्यक है। रामभद्राचार्य ने कहा ऐसा न होना हिंदू समाज के भीतर विभाजन का कारण बन सकता है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू धर्म और संस्कृति के मूल्यों की रक्षा में कई कदम उठाए हैं। उनके दृष्टिकोण से हर कोई सहमत हो, यह आवश्यक नहीं है। यह असहमति दर्शाती है, किसी भी बड़े आंदोलन या संगठन में आंतरिक संवाद और समालोचना का महत्व होता है। रामभद्राचार्य ने धर्म के नाम पर हो रहे अत्याचारों और गलतफहमियों पर प्रकाश डाला। जो यह संकेत करता है, समाज में हिंदू समाज की संस्कृति और रीति रिवाज को लेकर व्यापक चर्चा की जरूरत है। संघ और धर्माचार्यों के बीच यह मतभेद हिंदू संघटनों की एकता के लिए बड़ी चेतावनी है। संगठनों और व्यक्तियों की महत्वाकांछा के बीच समन्वय बनाना होगा। हिंदू समाज की एकता और विकास तभी संभव है। जब नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ संवाद और एक-दूसरे की भूमिका को स्वीकार करने की भावना हो। संघ और धार्मिक संगठन अब सत्ता के साथ जुड़कर सत्ता के अंग बन गए हैं, जिसके कारण स्थितियां बिगड़ रही हैं। वर्तमान टकराव यह समझने का अवसर देता है।

# गुलाबो सपेरा: भारतीय लोक नृत्य की धरोहर



गुलाबो सपेरा, जिनका असली नाम धनवंती है, भारतीय लोक नृत्य और संस्कृति के क्षेत्र में एक ऐसा नाम है जो परंपरा और संघर्ष का प्रतीक बन चुका है। उनका जीवन सच्चे अर्थों में प्रेरणादायक है। राजस्थान के सपेरा समुदाय से ताल्लुक रखने वाली गुलाबो ने न केवल अपनी कला के माध्यम से देश-विदेश में ख्याति अर्जित की, बल्कि अपने समुदाय की महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया।गुलाबो सपेरा का जन्म राजस्थान के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका जन्म एक ऐसी सामाजिक पृष्ठभूमि में हुआ जहां बेटियों को बोझ समझा जाता था। जन्म के बाद उन्हें जिंदा दफनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन उनकी मां और बड़ी बहन ने उन्हें बचा लिया। यह घटना उनके जीवन के संघर्षों की शुरुआत थी।सपेरा समुदाय, जिसे परंपरागत रूप से सांपों के साथ नृत्य करने और संगीत से जुड़ा माना जाता है, में महिलाएं आमतौर पर समाज के हाशिए पर रहती थीं। गुलाबो ने इन बाधाओं को पार करते हुए अपने लिए एक अलग पहचान बनाई।

गुलाबो ने बचपन से ही नृत्य में रुचि दिखाई। वह अपने पिता और समुदाय के अन्य लोगों के साथ लोक नृत्य करती थीं। उनके नृत्य में एक अद्वितीय आकर्षण था, जिसने जल्दी ही लोगों का ध्यान खींचा। गुलाबो ने राजस्थान के कालबेलिया नृत्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यह नृत्य

उनकी प्रेरणादायक जीवन यात्रा और कला को कई डॉक्यूमेंट्री फिल्मों और किताबों में भी स्थान मिला है। बिग बॉस सीजन 5 में उनकी भागीदारी ने उन्हें और अधिक लोकप्रिय बना दिया। उन्होंने इस मंच पर अपनी संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा और कला के प्रति अपने समर्पण को सबके सामने रखा।गुलाबो सपेरा ने अपने समुदाय की महिलाओं के उत्थान के लिए भी प्रयास किए। उन्होंने उन्हें शिक्षित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल कीं। गुलाबो सपेरा को उनके योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से भी नवाजा गया, जो भारतीय नागरिकों को दिया जाने वाला चौथा सर्वोच्च सम्मान है।

गुलाबो सपेरा का जीवन सच्चे अर्थों में प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सामाजिक बाधाओं और व्यक्तिगत संघर्षों के बावजूद अपनी कला के माध्यम से दुनिया में अपनी पहचान बनाई। उनका जीवन यह संदेश देता है कि मेहनत, समर्पण, और आत्मविश्वास से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है।उनकी कहानी उन लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।गुलाबो सपेरा केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की धरोहर हैं। उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी।

क्या होता है कालबेलिया नृत्य?

यह राजस्थान का एक प्रसिद्ध लोकनृत्य है, जो कालबेलिया समुदाय की सांस्कृतिक पहचान है। इसे सांपों का नृत्य भी कहा जाता है, क्योंकि इसकी मुद्राएं और गतियां सांपों के लचीलेपन से प्रेरित हैं। यह नृत्य राजस्थान की रंगीन परंपराओं और जीवंत लोक संस्कृति का प्रतीक है।कालबेलिया नृत्य का नाम कालबेलिया समुदाय से लिया गया है। यह समुदाय परंपरागत रूप से सांप पकड़ने, उनके ज़हर को निकालने, और जड़ी-बूटी चिकित्सा का कार्य करता था। हालांकि, आधुनिक समय में यह कार्य लगभग समाप्त हो गया है, लेकिन उनकी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में कालबेलिया नृत्य और गीत आज भी जीवित हैं। महिला नर्तकियां पारंपरिक काले घाघरे (लहंगा) और चोली पहनती हैं, जिन पर रंगीन गोटा-पत्ती का काम और कशीदाकारी होती है।

काले रंग के कपड़े सांपों के रंग का प्रतीक होते हैं।आभूषणों में चांदी के गहने और रंगीन कांच की चूड़ियां प्रमुख होती हैं।कालबेलिया नृत्य में संगीत का विशेष महत्व है। इसे पुंगी, डफली, खंजरी, और मंजीरा जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुत किया जाता है। इस तृतीय के दौरान गाए जाने वाले गीत आमतौर पर राजस्थान के लोकगीत होते हैं, जिनमें जीवन, प्रेम, और प्रकृति का वर्णन किया जाता हैं।यह नृत्य अक्सर समूह में किया जाता है। नर्तकियां एक के बाद एक नृत्य करती हैं, और दर्शक उनके प्रदर्शन पर तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन करते हैं।

**राजेश कुमार सिन्हा खार (वेस्ट), मुम्बई**

## लघुकथा/कविता

# भिक्षापात्र!!!

एक महल के द्वार पर बहुत भीड़ लगी हुई थी। भीड़ बढती ही जा रही थी। और दोपहर से भीड़ बढ़नी शुरू हुई थी, अब सांझ होने आ गई। सारा गांव ही करिब-करिब उस द्वार पर इकट्ठा हो गया।

क्या हो गया था उस द्वार पर राजमहल के?

एक छोटी-सी घटना हो गई और घटना ऐसी बेबूझ थी कि जिसने सुना वह वहीं खड़ा होकर देखता रह गया । किसी के कुछ भी समझ में न आ रहा था । एक भिखारी सुबह-सुबह आया और उसने राजा के महल के सामने अपना भिक्षापात्र फैलाया।

राजा ने अपने नौकरों से कहा कुछ दे दो इसे।

उस भिखारी ने कहा, एक शर्त पर लेता हूं। यह भिक्षापात्र उसी शर्त पर कोई चीज स्वीकार करता है जब यह वचन दिया जाए कि आप मेरे भिक्षापात्र को पूरा भर देंगे, तभी मै कुछ लेता हूं।

राजा ने कहा, यह कौन-सी मुश्किल है, छोटा-सा भिक्षापात्र है, पूरा भर देंगे और अन्न से नहीं स्वर्ण अशर्फियों से भर देंगे। भिक्षुक ने कहा, और एक बार सोच लें, पीछे पछताना न पड़े।क्योंकि इस भिक्षापात्र को लेकर मैं और द्वारों पर भी गया हूं और न-मालूम कितने लोगों ने यह वचन दिया था कि वे इसे पूरा भर देंगे। लेकिन वे इसे पूरा नहीं भर पाए और बाद में उन्हें क्षमा मांगनी पड़ी। राजा हंसने लगा और उसने कहा कि छोटा-सा भिक्षापात्र। उसने अपने मंत्रियों को कहा, स्वर्ण अशर्फियों से भर दो। यही घटना हो गई थी, राजा स्वर्ण अशर्फियां डालता चला गया था, भिक्षापात्र कुछ ऐसा था कि भरता ही नहीं था। सारा गांव द्वार पर इकट्ठा हो गया था देखने। किसी को समझ में कुछ भी न पड़ता था कि क्या हो गया है? राजा का खजाना चुक गया। सांझ हो गई, सूरज ढलने लगा, लेकिन भिक्षा का पात्र खाली था। तब तो राजा भी घबड़ाया, गिर पड़ा पैरों पर उस भिक्षु के और बोला, क्या है इस पात्र में रहस्य? क्या है जादू? भरता क्यों नहीं?

उस भिखारी ने कहा, कोई जादू नहीं है, कोई रहस्य नहीं है, बड़ी सीधी-सी बात है। एक मरघट से निकलता था, वहा पर एक आदमी की खोपड़ी मिल गई, उससे ही मैंने भिक्षापात्र को बना लिया। और आदमी कि खोपड़ी कभी भी किसी चीज से भरती नहीं है, इसलिए यह भी नहीं भरता है।

हम भी ठिक इस भिक्षु के पात्र की तरह ही है, चाहे हम कितना ही क्यों न पा लें हम भी कभी भरते नहीं है। क्योंकि हम मन के सहारे जीते हैं!

**प्रस्तुति-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, एमपी**

## व्यापार....व्यापार.....व्यापार....व्यापार.....व्यापार....व्यापार.....

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की गिरावट के बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने के कारण आई है।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 67.30 अंक करीब 0.09 फीसदी नीचे आकर 78,472.87 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 25.80 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी नीचे आकर 23,727.65 पर बंद हुआ। मंथली एक्सपायरी के दिन निफ्टी बैंक 84 अंक गिरकर 51,233 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान निफ्टी पर पावर ग्रिड कॉर्प, जेएसडब्ल्यू स्टील, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टाइटन कंपनी और एसबीआई के शेयर नीचे आये। वहीं टाटा मोटर्स, अडानी एंटरप्राइजेज, आयशर मोटर्स, बीपीसीएल और आईटीसी के शेयर




लाभ में रहे। सेक्टरों में वाहन, उपलभोक्ता उत्पाद (एफएमसीजी), तेल एवं गैस में खरीदारी देखी गई, जबकि आईटी, मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक में बिकवाली हावी रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स सपाट ,जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.3 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। बाजार जानाकरों के अनुसार धीमी शुरुआत के बाद निफ्टी वाहन और आईटी कंपनियों के कारण ऊपर आने लगा पर तभी कई कारण से उसपर अंकुश लग गया। ऑटो और एफएमसीजी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी रही। जहां मिडकैप्स ऊपर आये। स्मॉलकैप्स का प्रदर्शन भी अच्छा रहा और वह बढ़त पर बंद हुआ। आज ऑटो शेयरों में निचले स्तरों पर खरीदारी देखने को मिली। जबकि मेटलऔर पीएसयू बैंक इंडेक्सों में ऊपरी स्तरों पर इंट्राडे मुनाफावसूली हुई। अमेरिकी बाजारों की बात करें तो डाओ फ्यूचर्स और निक्केई भी सुस्त दिखाई दिए। कल की तेजी में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने स्टॉक फ्यूचर्स में 6500 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीदारी की। घरेलू कोषों ने भी 2200 करोड़ से ज्यादा के शेयर खरीदे। अमेरिकी बाजार संभलकर दिन की ऊंचाई के पास बंद हुए। डाओ 400 अंकों की शानदार रिकवरी के साथ करीब 70 अंक चढ़ा तो नैस्डैक 200 अंक उछला। इससे पहले आज सुबह शेयर बाजारों की सकारात्मक शुरुआत हुई और दोनों प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में ओपन हुए हालांकि, कोई मजबूत ट्रिगर पॉइंट नहीं मिलने के कारण बाजार में उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। बीएसई सेंसेक्स 167 अंकों की बढ़त लेकर 78,707.37 पर खुला। इसी प्रकार तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी 62.95 अंक की बढ़त लेकर 23,816.40 पर कारोबार कर रहा था। इससे पिछले ट्रेडिंग सेशन में विदेशी निवेशकों ने घरेलू बाजारों से 168.71 करोड़ रुपये निकाले जबकि घरेलू निवेशकों ने 2,227.68 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 9 पैसे की गिरावट के साथ ही अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 85.20 पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ 85.16 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के कारण डॉलर की उच्च मांग के साथ-साथ कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने स्थानीय मुद्रा पर दबाव बनाया। हालांकि सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों से उसे कुछ समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.10 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में 85.16 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.11 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ 107.92 पर रहा।




# मीडिया में आध्यात्मिक सोच रखकर जीवन में संतुलन तथा समाज में बदलाव ला सकते हैः उपेन्द्र राय

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय इंदौर जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी की 9 वी पुण्य तिथि के अवसर पर ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी सभागृह में मीडिया सेमिनार का आयोजन किया गया।



जिसमें दिल्ली से पधारे भारत एक्सप्रेस न्यूज़ के अध्यक्ष उपेंद्र राय ने स्वस्थ और स्वच्छ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण - मीडिया की भूमिका विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए कहा कि धर्म और आध्यात्म की गंगा भारत से पूरी दुनिया में बह रही है। लेकिन धर्म और आध्यात्म को अलग-अलग नहीं समझने के कारण सबसे ज्यादा भटकाव भी भारत में ही हुआ है। सभी धर्मों की अलग-अलग मान्यताएं, परंपराएं और पूजा पद्धतियां हैं, लेकिन आध्यात्म इन सबसे अलग है। अध्यात्म मानव मात्र के लिए जरूरी है ।आध्यात्म हमें स्वयं की सही समझ देता है। आगे आपने मीडिया की भूमिका विषय पर सोशल मीडिया के बढ़ते प्रयोग और प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए कहां कि सोशल मीडिया बिना किसी संपादक के, बिना किसी औपचारिकता के जनता तक सीधे अपनी बात पहुंच कर जागरण कर रहा है, लेकिन इसमें सावधानी रखने की आवश्यकता है। किसी भी मीडिया में आध्यात्मिक सोच रखकर स्वयं के जीवन में संतुलन और समाज में बदलाव ला सकते हैं। अपने विचार रखते हुए इंदौर जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि समाज को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने के लिए सर्वप्रथम हमें आंतरिक स्वच्छता को अपनाना होगा, इसके लिए जीवन एवं समाज को अपराध और अवगुणों से मुक्त रखना होगा, जिसमें मीडिया का महत्त्वपूर्ण योगदान हो सकता है। क्योंकि मीडिया की पहुंच हर व्यक्ति तक है। वह हर मन को प्रेरित और सशक्त कर सकता है। अपने विचार रखते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ मानसिंह परमार ने कहा की कलम की ताकत बहुत बड़ी है। एक डॉक्टर गलती करेगा तो एक मरीज ही मरेगा लेकिन कलम के माध्यम से कुछ ऐसी खबर लिखेंगे तो कितनों को नुकसान होगा। इसलिए मीडिया कर्मी को स्वयं को सकारात्मक बनाकर लोग मंगल की कामना से पत्रकारिता करनी होगी, तब समाज स्वस्थ स्वच्छ बनेगा। इस अवसर पर दैनिक भास्कर के संपादक अमित मंडलोई ने कहा कि मीडिया समाज का प्रतिबिंब है। समाज में जो कुछ होता है, वही मीडिया दिखता है। हमें स्वस्थ और स्वच्छ समाज बनाना है, तो समाज के हर वर्ग को बदलना होगा और शुरूआत स्वयं से ही करनी होगी। अपने विचार रखते हुए अग्निबाण के संपादक राजेश चेलावत में कहां कि जब-जब समाज में अप्रिय घटनाएं घटती है, मन में बड़ा आक्रोश होता है ,लेकिन उस आक्रोश की अभिव्यक्ति कलम के माध्यम से करते हैं तो एक आशा उत्पन्न होती है। अतः मन की ज्वाला को आशा के दीप में बदलने का कार्य मीडिया का है। इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अरविंद तिवारी ने भाईजी को श्रद्धांजलि देते हुए याद किया कि उन्होंने इंदौर में पत्रकारिता और मीडिया जगत को ब्रह्माकुमारी संस्थान से जोड़ा और उन्हें मूल्यनिष्ठ पत्रकरिता करने की प्रेरणा दी। प्रजातंत्र के संपादक कीर्ति राणा ने कहा कि समाज को मीडिया को कोसना छोड़कर स्वयं पर नियंत्रण करना होगा। आपने ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यहां मूल्य आधारित पत्रकरिता पर जोर दिया जाता है। उसके लिए आपने ओमप्रकाश भाईजी और कमल दीक्षित जी का स्मरण किया। स्वदेश के संपादक शक्ति सिंह परमार ने कहा कि मीडिया हर क्षेत्र में जागृति ला रहा है। जैसे हमारा इंदौर शहर स्वच्छता में नंबर वन है। ऐसे ही धर्म और आध्यात्म के क्षेत्र में, यातायात व्यवस्था में भी नंबर वन बने इसके लिए हम मीडिया वाले लगातार प्रयास कर रहे हैं। स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने कहा कि ओमप्रकाश भाई जी ने मीडिया के अंदर जो मूल्य की अलख जगाई इसका प्रत्यक्ष उदाहरण आज ब्रह्माकुमारी के हेड क्वार्टर माउंट आबू में दो बार मीडिया का संगठन होता है। यह सबसे बड़ा उदाहरण है। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैच, पौधे एवं दुपट्टे के द्वारा सभी का सम्मान किया गया। कुमारी परी ने स्वागत नृत्य के माध्यम से सभी का स्वागत किया। अंत में ब्रह्माकुमारी अनिता दीदी ने सभी को राजयोग की अनुभूति कराई तथा सभी का आभार माना । कार्यक्रम का संचालन नवभारत के समुह सम्पादक क्रांति चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रिंट, इलेक्ट्रीनिक सोशल मीडिया के साथ मीडिया के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

## कृषि एवं कृषि आधारित आजीविका के चार कॉम्पोनेंट विषय पर एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं एनसीएचएसई संस्था द्वारा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के समस्त अधिकारियों को जिले में कृषि एवं कृषि आधारित आजीविका के चार कॉम्पोनेंट विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत भवन के सभागृह में सम्पन्न कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, उप संचालक कृषि श्री शिव सिंह राजपूत, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अरुण शुक्ला, आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं सहयोगी संस्था एनसीएचएसई तथा डीएससी संस्था के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल एनसीएचएसई संस्था के वरिष्ठ अधिकारी श्री राजेश वर्मा द्वारा चार कॉम्पोनेंट जलवायु आधारित खेती, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आजीविका के विभिन्न आयाम और संस्थागत सहयोग एवं विकास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।




## जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालवीय ने राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यशाला में मध्यप्रदेश का किया प्रतिनिधित्व

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण एवं पेयजल विषय पर उड़ीसा में आयोजित की गई राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए इंदौर की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। श्रीमती मालवीय ने कार्यशाला में इंदौर जिले में स्वच्छता संबंधी किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस जानकारी को कार्यशाला में सराहना प्राप्त हुई। भारत सरकार द्वारा उड़ीसा राज्य में पिछले दिनों आयोजित स्वच्छता अभियान पर आधारित कार्यशाला के तहत फील्ड विजिट का कार्यक्रम भी रखा गया। उड़ीसा राज्य के सुदूर क्षेत्र इंजिलकटु स्थान पर भ्रमण कराया गया। जिसमें वेस्ट-टू-वेल्थ, प्लास्टिक अपशिष्ट ,स्थिरता भागीदारी और समावेशिता पर आधारित कार्यशाला का प्रथम चरण था जिसमें भारत सरकार से संयुक्त सचिव श्री जितेन श्रीवास्तव, श्री दिनेश जैन संचालक राज्य स्वच्छता अभियान मध्य प्रदेश भोपाल, श्री अजीत तिवारी उपयुक्त स्वच्छता मिशन भोपाल, स्टेट कंसलटेंट स्वच्छता श्री प्रियव्रत पांडा एवं अन्य अधिकारियों में जिला पंचायत शाजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष टैगोर तथा अन्य राज्यों के अधिकारी आदि शामिल हुए। श्रीमती मालवीय ने कार्यशाला में वेस्ट-टू-वेल्थ, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्थिरता भागीदारी और समावेशिता पर आयोजित परिचर्चा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश का इंदौर तो स्वच्छता में लगातार अव्वल है, जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी स्वच्छता के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे है। ग्राम पंचायतवार कार्ययोजना बनाकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले को स्वच्छ बनाये रखने के लिए कार्य हो रहे है। इंदौर जिला सबसे पहले खुले में शौच से मुक्त जिलों की श्रेणी में देश में अव्वल रहा है।







# कीर्तिमानों के शहर इंदौर में बनने जा रहा अनवरत गायन का कीर्तिमान

## अभिनव कला समाज में 124 घंटे सतत गायन की शुरुआत

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** नए वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए केकेसी क्लब एवं संगीत सेवा सहारा के संयुक्त तत्वावधान मे इंदौर के अभिनव कला समाज सभागार मे 124 घण्टे सतत गायन के कार्यक्रम का शुभारम्भ म.प्र. के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र राय ने की। विशेष अतिथि के रूप में टी-सीरिज के संगीतकार तरुण बाथरे, भाजपा नेता चंदू राव शिंदे, समाजसेवी योगेन्द्र महंत, वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी एवं अभिनव कला समाज के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि इंदौर महान गायकों की जन्म और कर्म स्थली रहा है। इंदौर अब विभिन्न कीर्तिमानों के लिए भी जाना जाता है। प्रसन्नता की बात है कि 124 घंटे अनवरत गायन का कीर्तिमान भी इंदौर से बनने जा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष दीपक पाठक एवं संरक्षक रेखा रावल ने बताया कि समारोह में हर उम्र के 500 नए एवं स्थापित गायक कलाकार अपनी पसंद के गीत कराओके ट्रैक पर गाएंगे। इस अवसर पर 124 सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा। गायन के क्षेत्र मे नए-नए कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाने हेतु केकेसी क्लब एवं संगीत सेवा सहारा हमेशा प्रयासरत रहता है। इस आयोजन को संगीत सेवा सहारा और केकेसी क्लब के फेसबुक पेज से ऑनलाईन प्रसारित किया जायेगा। दुनियाभर से आनलाईन जुड़ने वाले गायक को लिंक के माध्यम से जुड़ना होगा। आयोजन मे किसी भी प्रकार के गीत को आप अपनी पसंद अनुसार गा सकेंगे। अतिथियों का स्वागत मनीष पगारे, अजय डाबी, दीपक शर्मा, लक्ष्मी शर्मा एवं ओमप्रकाश भारती ने किया।






### सुशासन सप्ताह के दौरान कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अनूठी पहल

# उपभोक्ताओं को ठगी से बचाने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिये इंदौर में प्रदेश का पहला उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र हुआ शुरू

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** सुशासन सप्ताह और जनकल्याण अभियान के तहत इंदौर में उपभोक्ताओं को ठगी से बचाने, उनके अधिकारों के प्रति सतत जागरूक करने, उनके हितों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अभिनव पहल से इंदौर में उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र स्थापित किया गया है। यह केन्द्र प्रदेश का पहला एवं अनूठा केन्द्र है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 220 में इस मार्गदर्शन केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस केन्द्र के माध्यम से उपभोक्ताओं फोरम में परिवाद दायर करने के संबंध में भी जरूरी मदद की जायेगी। इस केन्द्र का शुभारंभ उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक 01 एवं 02 के अध्यक्ष श्री विकास राय ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आयोग क्रमांक 02 के सदस्य श्री कुंदन सिंह चौहान और श्री शैलेन्द्र सिंह तथा आयोग क्रमांक 01 की सदस्य सुश्री निधि बारंगे शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल ने की। इस अवसर पर उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र में डॉ. स्मिता मेहता द्वारा बैंक ऑफ बडौदा में ओडी अकाउंट पर ज्यादा ब्याज वसूलने पर, उपभोक्ता आयोग में प्रकरण दायर कर क्षतिपूर्ति प्राप्त की एवं मनोज पंवार जागरूक उपभोक्ता में मैरिज गार्डन बुकिंग रद्द होने पर गार्डन मालिक द्वारा राशि नहीं लौटाने पर आयोग में वाद दायर कर मूल राशि मय हर्जाना हासिल किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विकास राय ने सम्बोधित किया और उन्होंने इस नवाचार को देश एवं राज्य का अनूठा प्रकल्प बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस केन्द्र की बड़ी जरूरत थी। यह केन्द्र उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण में बड़ा मददगार होगा। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के माध्यम से परिवाद दायर करने में उपभोक्ताओं को बड़ी मदद मिलेगी। उन्हें भटकना और परेशान नहीं होना पड़ेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल.मारू ने बताया कि इंदौर में आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सतत जागरूक करने, उनके हितों के संरक्षण, संवर्धन एवं किसी प्रकार की ठगी/धोखाधडी होने पर जिला उपभोक्ता फोरम में वाद दायर करने आदि के लिए निःशुल्क परामर्श/मार्गदर्शन देने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र स्थापित किया गया है। यह मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालयीन दिवस में संचालित रहेगा। इस मार्गदर्शन केन्द्र पर विशेष रूप से प्रति मंगलवार स्वयं सेवी संगठनों, विभागीय अधिकारियों आदि द्वारा उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर करने के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। साथ ही उपभोक्ता कार्यालयीन समय में कभी भी उपभोक्ता अधिकारों आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकेंगें। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 210 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के संबंध में परिचर्चा की गई। इस अवसर पर खाद्य एवं औषधि विभाग, राष्ट्रीयकृत बैंक, दूरसंचार निगम, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, नापतौल विभाग, इंदौर गैस डीलर्स एसोसिएशन, पेट्रोल-डीजल पम्प एसोसिएशन, स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन, ऑयल कंपनियों आदि द्वारा प्रदर्शनी/स्टॉल लगाये गये। इस मौके पर प्रांतीय अधिकारी अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत श्री डी.जी. मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, जागरूक उपभोक्ता समिति श्री मुकेश अमोलिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस श्री आर.के. शुक्ला, अध्यक्ष उपभोक्ता हित प्रहरी श्री संजय अग्रवाल, प्रबंधक उपभोक्ता पुकार श्री कैलाश पाल आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने पंडित डी.जी. मिश्रा एवं मुकेश कौशल, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, श्री मुकेश अमोलिया, जागरूक उपभोक्ता समिति, श्री संजय अग्रवाल, उपभोक्ता हित प्रहरी, श्री आर.के. शुक्ला, भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस, श्री कैलाश पाल, प्रबंधक, उपभोक्ता पुकार आदि का प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र के स्थापना में सराहनीय योगदान हेतु श्री राहुल शर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का विशेष सम्मान किया गया। 05 श्रेष्ठ जागरूक उपभोक्ता डॉ. स्मिता मेहता, आरवा नालवाला, मनोज पंवार, श्रीमती सपना मिश्रा, श्रीमती नर्मदा शर्मा आदि का भी मंच से पुष्प गुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र से भावभरा सम्मान किया गया।

# इंदौर का आईएसबीटी अगले माह होगा प्रारंभ

## आईएसबीटी से गुजरात, राजस्थान और दिल्ली क्षेत्र में जाने वाली 186 बसों होंगी संचालित

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर के कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी बनकर लगभग तैयार हो गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस बस स्टैण्ड से गुजरात, राजस्थान और दिल्ली क्षेत्र में जाने वाली लगभग 186 बसें संचालित होगी। बस स्टैण्ड के संचालन के संबंध में चर्चा के लिए आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बस संचालकों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में उक्त बसों के संचालन के संबंध में सहमति बनी। बैठक में स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी और बस संचालक मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी बनकर लगभग तैयार हो गया है। इस बस स्टैण्ड का संचालन अगले जनवरी माह से प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इस बस स्टैण्ड से गुजरात, राजस्थान और दिल्ली क्षेत्र में जाने वाली बसों के संचालन का प्लान तैयार किया गया है। यह बस स्टैण्ड अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। बस स्टैण्ड में यात्रियों और बसों के लिए अनेक सुविधाएं मौजूद है। यात्रियों और बस संचालकों की सुविधा के साथ शहर के यातायात सुधार को देखते हुए इस बस स्टैण्ड से बसों का संचालन किया जाना हितकारी है। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्रों में जाने वाले बसें अभी इधर-उधर से संचालित हो रही है। अनेक बसें शहर के व्यस्ततम मार्गो से होकर गुजरती है, इससे यातायात बाधित होता है। बैठक में बस संचालकों को बस संचालन के प्लान के बारे में बताया गया। बैठक में आईएसबीटी से बस संचालन के संबंध में सहमति बनी। प्लान के बारे में बस संचालकों ने अपने-अपने सुझाव भी दिए। सुझाव के आधार पर बताया गया कि आईएसबीटी के समीप वाहन संचालकों को बस पार्क करने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा जगह उपलब्ध कराई जाएगी। आईएसबीटी तक यात्रियों की सुविधा के लिए सिटी बस, ऑटो, ई-रिक्शा आदि लोक परिवहन के साधनों की कनेक्टिविटी की जाएगी।



# खेल चेतना मेला के मैदान पर महा-पौर और कलेक्टर ने थामा बल्ला

**रतलाम।** चेतन्य काश्यप फाउंडेशन एवं क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित 25वां खेल चेतना मेला की खेल स्पर्धाएं सोमवार को संपन्न हो गई। शहर के अलग-अलग मैदानो पर आयोजित 18 खेल प्रतियोगिताओं में 10000 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की और अपनी स्पर्धा में विजेता एवं उपविजेता, श्रेष्ठ खिलोडियों ने पुरस्कार प्राप्त किए।

नेहरू स्टेडियम में आयोजित स्पर्धा में खिलाडियों का पुरस्कृत करने के लिए महापौर प्रहलाद पटेल, कलेक्टर राजेश बाथम भी मैदान पर पहुंचे। उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर बल्लेबाजी कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समिति सचिव मुकेश जैन, निर्मल लूनिया, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा, प्रद्युम्न मजावदिया, देवेंद्र वाधवा, मांगीलाल जैन, आर.सी. तिवारी, सुरेश माथुर, अश्विन शर्मा, बलवंत भाटी, संजय शर्मा, विक्रम अवार्ड नरेंद्र सिंह, दुर्गाशंकर मोयल, प्रदीप पंवार, हार्दिक कुरवारा आदि उपस्थित रहे।

शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के मैदान पर हुए हॉकी के रोमांचक मुकाबले में बालक वर्ग में गुजराती समाज अंग्रेजी माध्यम ने गुरु रामदास पब्लिक स्कूल को 6-2 से हराया। वहीं बालिका वर्ग में महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को 4-0 से शिकस्त दी। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चिराग परमार रहे जबकि बालिका वर्ग में सलोनी खोईवाल रही।

रेलवे सीनियर इंस्टीट्यूट वॉलीबॉल ग्राउंड पर हुए वॉलीबॉल के निर्णायक मुकाबला हिमालया इंटरनेशनल एवं न्यू तैय्यबी स्कूल के मध्य खेला गया। इसमें हिमालय इंटरनेशनल के खिलाडियों ने घातक स्मेशिंग की। वही न्यू तैय्यबी स्कूल



के खिलाडियों ने पासिंग व डिफेंस कर अपनी मजबूती पेश की। अंत में हिमालय इंटरनेशनल स्कूल ने तीन सेट का मुकाबला 2-0 से जीत लिया।

कालिका माता सत्संग हॉल में आयोजित शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 20 खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें साईं श्री अकादमी के यदुनंदन अवस्थी ने अंतिम राउंड में पहुंचकर प्रथम स्थान अर्जित किया और मिस्टर खेल चेतना मेला का अवार्ड जीता। वही गुरु तेग बहादुर अकादमी के जतिन भारतीय ने बेस्ट पोजर, गुजराती समाज के जय कहार ने बेस्ट मस्कुलर बाय तथा ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के तासिन निहारकर टुडे बेस्ट फिजिक तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक माणक चौक के निर्मल भाटी ने बेस्ट इंप्रूव बॉय का खिताब जीता।

रेलवे खेल मैदान पर आयोजित फुटबॉल के सेमीफाइनल मुकाबले में हिमालय इंटरनेशनल ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल को और रेलवे स्कूल ने मॉर्निंग स्टार को हराकर फाइनल में जगह बनाई। निर्णायक मुकाबला हिमालया और रेलवे स्कूल के बीच हुआ। रोमांच से भरे इस मुकाबले को रेलवे स्कूल ने एक गोल से जीत कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब हिमालय के कार्तिक मंगल को मिला।

कबड्डी के फाइनल मुकाबले में जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट विद्यालय विजेता रहा, उपविजेता का खिताब सरस्वती शिशु मंदिर को मिला। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी उत्कृष्ट विद्यालय के भूपेंद्र मकवाना रहे। सीनियर वर्ग के मुकाबले में उत्कृष्ट विद्यालय विजेता रहा जबकि नहर ग्लोबल उपविजेता रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी उत्कृष्ट विद्यालय का अमन धाकड़ रहा।

नेहरू स्टेडियम में खो खो के निर्णायक मुकाबले हुए। सीनियर बालक वर्ग में जैन विद्या निकेतन विजेता रहा और साई श्री इंटरनेशनल उपविजेता रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मनीष भाभर रहे। जूनियर बालक वर्ग में जैन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजेता एवं साई श्री अकादमी उपविजेता रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कन्हैयालाल को चुना गया। सीनियर बालिका वर्ग में जैन स्कूल विजेता एवं साईं श्री इंटरनेशनल उपविजेता रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पलक रही। जूनियर बालिका वर्ग में साईं श्री एकेडमी विजेता रही। उपविजेता जैन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब प्रगति को मिला।

स्टेडियम में आयोजित टेबल टेनिस की स्पर्धा में सेंट जोसेफ विजेता और चेतन्य टेक्नो स्कूल उपविजेता रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनमोल सोनी रहे। बालिका वर्ग में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट विजेता एवं गुरु तेग बहादुर स्कूल उपविजेता रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आयुषी गौड़ रही। बालक एकल में अनमोल सोनी विजेता एवं आयुष गुप्ता उपविजेता रहे। बालिका एकल वर्ग में आयुषी गौड़ विजेता एवं संस्कृति स्वामी उपविजेता रही। क्रिकेट स्पर्धा में गुरु तेग बहादुर एकेडमी विजेता एवं गुरु रामदास पब्लिक स्कूल उपविजेता रहा, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वैदित्य राज सिंह देवड़ा रहे।

# बाइक से शहर में घूमे सीएसपी व टीआई

**रतलाम।** शहर में बेवजह घूमने व सड़कों पर खड़े रहने वालों युवाओं को लेकर रतलाम पुलिस लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। सोमवार देर रात रतलाम पुलिस के अधिकारी अलग-अलग बाइक से शहर में घूमे। सड़कों व चौराहों पर खड़े युवाओं की तलाशी ली। देर रात तक बिना कारण सड़कों पर नहीं आने की हिदायत दी।

## 20 से अधिक बाइक पर एक साथ निकले

सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के साथ शहर के चारों थानों के टीआई समेत पुलिसकर्मी 20 से अधिक बाइक पर एक साथ निकले।



अचानक पुलिस को एक साथ अलग-अलग बाइक पर देख हर कोई सोचना लगा कि आखिर क्या हुआ। शहर के अलग-अलग चौराहों पर एक साथ पुलिस अधिकारी पहुंचे। युवाओं को खड़े देख कारण पूछा। सबकी तलाशी ली।

किसी ने चाय पीने आने की बात किसी ने कहां काम से आने को कहा, तब पुलिस अधिकारियों ने बेवजह रात में घूमने से मना कर चौराहों से युवाओं को रवाना किया। समझाइश दी कि दोबारा मत दिखना नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। राह चलते बाइक सवारों को भी रोक कर तलाशी ली गई।

## जेल वाहन में बैठाकर लाए थे थाने

बता दें कि एसपी अमित कुमार व एएसपी राकेश खाखा द्वारा लगातार शहर समेत जिले में वॉचिंग की जा रही है। इन्हीं के निर्देशन में पुलिस अधिकारी लगातार नए प्रयोग कर सुरक्षा व्यवस्था बना रहे है। पिछले दिन पुलिस जेल वाहन लेकर सड़क पर निकली थी। चाय की दुकानों व चौराहों पर खड़े युवाओं को वाहन में बैठाकर थाने लाकर समझाइश भी दी थी। इसके अलावा नशा कर वाहन चलाने वालों को भी सड़क पर सफेद लाइन बनवाकर चलाया था। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने बताया कि पुलिस का यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

# तीसरे दिन छाए बादल: तापमान में उतार-चढ़ाव जारी, मावठा गिरने की संभावना

**रतलाम।** लगातार तीसरे दिन मंगलवार को मावठा गिरा। मंगलवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है। सूरज बादलों की ओट में छिपा हुआ है। लोगों को धूप का इंतजार है। पिछले 24 घंटे में दोपहर का तापमान में 0.8 डिग्री लुढ़का है। वहीं रात का तापमान एक डिग्री बढ़ा है। बादलों के आसमान में जमे होने के कारण ठिठुरन वाली ठंड का दौरा जारी है। सुबह कोहरा भी छाने लगा है। तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने भी 28 दिसंबर तक सीजन का पहला मावठा गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव होगा। बारिश के साथ कुछ हिस्सों में ओले भी गिरेंगे। मंगलवार सुबह 9 बजे तक सड़कों पर दूर-दूर तक हल्का कोहरा छाया रहा। चालक हेडलाइट चालू कर वाहन चलाते दिखे। दिन और रात के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सोमवार को दोपहर का तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को दिन का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस था। वहीं रात का तापमान 12.5 डिग्री दर्ज किया गया। इसके पहले रविवार को पारा 11.5 डिग्री सेल्सियस था। दिन और रात के पारे में उतार-चढ़ाव के बावजूद ठंड का असर बना हुआ है।

## रतलाम पुलिस ने सुशासन के लिए लिया संकल्प



**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंड स्थापित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उनके कल्याण के लिए सतत प्रयास करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन की स्थापना के लिए नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और पारदर्शिता, एवं जनकल्याण की भावना अनिवार्य है। सभी पुलिसकर्मियों ने यह शपथ ली कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करेंगे और प्रदेश में शांति और सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर उपपुलिस अधीक्षक अजय सारवान, रक्षित निरीक्षक श्री मोहन भार्रावत, सूबेदार श्रीमती मोनिका ठाकुर, सूबेदार कैलाश बघेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं रक्षित लाइन में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तारतम्य में जिले के सभी थानों एवं चौकीयो पर भी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई।

# जनसुनवाई में 55 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश जारी किए गए

**रतलाम।**

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर राजेश बाथम, ने जनसुनवाई करते हुए 55 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए। जनसुनवाई में सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में ग्राम उसरगार निवासी सुरेश आटोडिया ने बताया कि प्रार्थी एक निजी कार शोरुम पर पीयून के पद पर कार्यरत था। कम्पनी के हेड एवं एच.आर. द्वारा मुझे दिनांक 15 मई 2024 को ई-मेल और फोन के माध्यम से सूचित किया गया कि 31 मई 2024 से उक्त ब्रांच को बंद किया जा रहा है। आपका अप्रैल तथा मई दो माह का वेतन 31 मई 2024 पश्चात् आपको प्रदान कर दिया जाएगा, परन्तु कम्पनी द्वारा मुझे दो माह का भुगतान नहीं किया गया है। इस



सम्बन्ध में कम्पनी हेड से भी बात की गई परन्तु वे भी वेतन के सम्बन्ध में आनाकानी कर रहे हैं। कृपया वेतन दिलवाने में मदद की जाए। आवेदन निराकरण के लिए श्रम पदाधिकारी को भेजा गया है।

गांधीनगर निवासी हेमा कमलेश भोमालिया ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पति द्वारा नगर निगम में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया था परन्तु आवेदन पर कोई कार्रवाई न होने तथा आर्थिक स्थिति के चलते पति द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी। पति की मृत्यु पश्चात् प्रार्थिया द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन किया गया परन्तु मुझे अभी तक नियुक्ति पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। प्रार्थिया की पारिवारिक स्थिति काफी दयनीय है तथा बच्चों का लालन-पालन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। आवेदन निराकरण के लिए निगम के स्थापना प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु कहा गया है।

ग्राम नीमन निवासी जगदीश बलाई ने जनसुनवाई के दौरान अपने आवेदन में बताया कि पंचायत द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम अन्तर्गत प्रार्थी द्वारा ग्राम नीमन में वर्ष 2017 में 750 पौधे तथा वर्श 2024 में 450 पौधे, इस प्रकार कुल 1200 पौधों का रोपण किया गया था जिसकी मजदूरी की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आवेदन निराकरण के लिए जनपद पंचायत को भेजा गया है।

ग्राम आनन्दखेडी (सिमलावदा) निवासी रघुवीर मकवाना ने बताया कि प्रार्थी की ग्राम में ही कृषि भूमि है जिस पर वह वर्षो से कृषि कार्य करता आ रहा है। वर्ष 2020 से गांव के एक व्यक्ति द्वारा प्रार्थी की कृषि भूमि पर आने-जाने के मार्ग पर कांटे बिछाकर रास्ता बंद कर दिया गया है जिससे प्रार्थी अपनी कृषि भूमि पर नहीं जा पा रहा है। आवेदन निराकरण के लिए तहसीलदार ग्रामीण को निराकरण के लिए भेजा गया है।

# एमपीआरडीसी ने समिति को नक्शे सहित दी जानकारी

## मामला जोयो चौराहे से भुतेड़ा के बीच प्रस्तावित ओव्हरब्रिज निर्माण का, जन संघर्ष समिति बुधवार को निकालेगी पैदल मार्च

**जावरा।** उज्जैन-जावरा के मध्य बनने वाले फोरलेन पेव्हड शोल्डर ग्रीन फील्ड एक्सेस कंट्रोल हाइवे को लेकर एमपीआरडीसी ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। इससे असंतुष्ट जन संघर्ष समिति और प्रभावित बुधवार को प्रात: 11 बजे लालाखेड़ा फंटे से जोयो होटल तिराहे धरना स्थल तक पैदल मार्च निकालेगे।



साथ ही समिति अगली रणनीति पर चर्चा करेगी। मंगलवार को कांग्रेस विधायक के साथ अभिभाषक संघ जावरा ने भी जन संघर्ष समिति को समर्थन दिया। उल्लेखनीय है कि भुतेड़ा से जोयो तिराहे के बीच फ्लाई ओवर निर्माण की निरंतर खिलाफत कर रही जन संघर्ष समिति ने सोमवार को जावरा एसडीएम के साथ ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों को पत्र भेजकर प्रस्तावित मार्ग की लंबाई, चौड़ाई व ब्रिज की संख्या की जानकारी चाही गई थी। उक्त सन्दर्भ में रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन के अधिकारी धर्मेंद्र जोशी मंगलवार को भुतेड़ा से जोयो होटल तक के नक्शे व अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां जन संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी इस मामले में जोशी से मुलाकात की। इस पर उन्होंने समिति को उक्त रोड़ सम्बन्धी नक्शे व जानकारी उपलब्ध कराई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल इंजीनियर विनोद कुमार व्यास ने नक्शे के साथ ही एमपीआरडीसी द्वारा प्रदत्त दस्तावेज का अवलोकन किया। समिति की ओर से सुनील पोखरना,असलम मेव, मनोज मेहता, रंजीत सिंघल, उबेद अंसारी, राजेश कोठारी, इंजीनियर उपस्थित रहे।

### कांग्रेस विधायक व अभिभाषक संघ का समर्थन

इस बीच जोयो तिराहे से भुतेड़ा के मध्य ब्रिज निर्माण का विरोध कर रही जन संघर्ष समिति के धरनास्थल पर मंगलवार को कांग्रेस के सरदारपुर विधायक प्रताप सिंह ग्रेवाल भी पहुंचे और आंदोलनकारियों को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर डीपी धाकड़, सुनील पोखरना, मनोज मेहता, असलम मेव, जगदीश सोलंकी, जीतू मालवीय, अब्बास बोहरा, राजेश कोठारी, रंजीत सिंगल, राजेश भरावा, ईश्वर लाल प्रजापत, मनोहर धाकड़, कुतुबुद्दीन बोहरा, केदार बोहरा आदि थे। इसके बाद जावरा अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी समिति के सदस्यों व प्रभावितों से मुलाकात कर उनकी मांग को उचित बताते हुए संघ की ओर से पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया। इस मौके पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष दिनेश चौहान, उपाध्यक्ष जयंत व्यास, सचिव भारत सैनी, उबेद अंसारी सहित कई वकील मौजूद थे।



### ब्लॉक स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का हुआ आयोजन

**जावरा।** विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा का मूल्यांकन करने और उनकी क्षमता की बेहतर समझ हासिल कर विद्यार्थियो की बुद्धि का परीक्षण कर उन्हें किसी भी विषय की वैज्ञानिक अवधारणाओं के बारे में जानने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जयेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि ब्लॉक के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 2 से 8 विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा के प्रथम चरण का आयोजन ब्लॉक के 10 जन शिक्षा केंद्र पर किया गया। जिसमें कक्षा 2 से 5 तक 2088 बच्चों ने एवं कक्षा 6 से 8 तक 1676 बच्चों ने परीक्षा दी। ओलंपियाड ब्लॉक प्रभारी चरणसिंह चंद्रावत ने बताया की ब्लॉक स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित विद्यार्थी परीक्षा के द्वितीय चरण मैं जिला स्तर पर आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण जिला परियोजना समन्वयक धर्मेंद्रसिंह हाडा,खंड अकादमिक समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत, नीता शर्मा व राजेश भावसार द्वारा किया गया।

# कविता बनी ऐक्सिलेंट अध्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ क्लब के साथ मिला सेवा गतिविधियों को सम्मान

## सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज के लिए डिस्ट्रिक्ट के 42 क्लबों मे से जावरा को मिला पहला स्थान

**जावरा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स, लीनेस डिस्ट्रिक्ट एमपी 1 कृष्णिका के तहत आने वाले 42 क्लब्स को उनके द्वारा वर्ष भर की गई सेवा और प्रशासनिक गतिविधियों को इंदौर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी में सम्मानित किया गया। अवार्ड सेरेमनी में लीनेस क्लब जावरा को ऐक्सिलेंट अध्यक्ष, इमेज बिल्डिंग के तहत सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज, सर्वश्रेष्ठ क्लब, सर्वश्रेष्ठ सेवागतिविधियां, श्रेष्ठ सचिव, श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष के साथ डिस्ट्रिक्ट के सभी चेयरमेन सहित 10 अवार्ड मिले। अवार्ड पाकर क्लब पदाधिकारियों और सदस्यों के चेहरे खिल उठे।



क्लब की प्रथम उपाध्यक्ष पुष्पा गुप्ता ने बताया कि लीनेस डिस्ट्रिक्ट एमपी 1 कृष्णिका के अन्तर्गत आने वाले सभी 42 क्लबों को उनकी सेवा गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर के एमजी रोड़ स्थित ज्ञानीजी के ढाबा पर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ममता छाजेड़ द्वारा अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। अवार्ड सेरेमनी में अतिथि के रुप में मल्टीपल प्रेसिडेट सुनिता फरक्या, मल्टीपल फाउंडर साधना भंडारी, प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट कल्पना बंडी, मौजुद रही। सेरेमनी में लीनेस क्लब जावरा की अध्यक्ष कविता कुंवर चौहान को डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लबो में ऐक्सिलेंट अध्यक्ष का अवार्ड देकर सम्माननित किया गया। वहीं लीनेस क्लब जावरा को डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लबों में सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज के लिए भी प्रथम स्थान देकर क्लब को गौरान्वित किया गया। अवार्ड सेरेमनी में लीनेस क्लब जावरा को सर्वश्रेष्ठ क्लब, सर्वश्रेष्ठ सेवा गतिविधियों के साथ श्रेष्ठ सचिव वीनिता सोनी, श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष रेखा रावल, डिस्ट्रिक्ट में श्रेष्ठ गतिविधियां सम्पादित करने पर प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण, डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन ममता सोनी, मोनिका सोलंकी, पुष्पा गुप्ता तथा स्व. कृष्णा पोरवाल को भी अवार्ड से सम्माननित किया गया। समारोह में क्लब की श्वेता जैन और रेखा रावल को लक्की ड्रा के ईनाम मिले। अवार्ड सेरेमनी में क्लब अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन के साथ ही रमा अग्रवाल, जागृति ठक्कर, पुष्पा साहु आदि मौजुद रहे।

# पोरवाल महासंघ का 76 वां अधिवेशन कोटा में हुआ, जावरा के सेठिया को मिला सेवा शिखर सम्मान

## स्मारिका को हुआ विमोचन, लोक सभा अध्यक्ष बिरला रहे मुख्य अतिथि

**जावरा।** अखिल भारतीय पोरवाल महासंघ दिल्ली का 76 वां अधिवेशन अ.भा. पदमावती पोरवाल महासभा कोटा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक आर.पी.गुप्ता कोटा ने की। मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं विशेष अतिथि कोटा विधायक संदीप शर्मा रहे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरलाजी ने कहा कोई भी व्यक्ति या समाज जाति से बड़ा नहीं होता, बल्कि बड़ा वह होता हैं कि उस समाज का देश के विकास में उसका कितना योगदान है। पोरवाल समाज एक ऐसा समाज है जिसका प्रत्येक कर्म देशहित में होता हैं, देश के



विकास में पोरवाल समाज का योगदान अतुलनीय है। यही वजह है कि पोरवाल समाज आज सभी समाजों में प्रतिष्ठित है। मैं समाज से काफी करीब से जुड़ा हुआ हूँ और बड़े ही गर्व से कह सकता हूँ कि मैं एक देश सेवा, सत्य, न्याय के मार्ग पर चलने वाले समाज से जुड़ा हूँ। इस दौरान विधायक संदीप शर्मा ने भी संबोधित किया।

**भगवान गणेश और आराध्य देव के चित्र पर माल्यापर्ण से हुआ शुभारंभ** –अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी, गणेश जी एवं आराध्य देव राजा टोडरमल के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया एवं महिला मंडल के नेतृत्व में सामूहिक पोरवाल ध्वज वन्दन सम्पन्न हुआ। प्रारंभ में समस्त अ.भा. पोरवाल महासंघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों का स्वागत कोटा महासभा के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, महामंत्री धनराज गुप्ता ने स्वागत एवं महासंघ का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। महासंघ की 76 वें अधिवेशन की कार्यक्रम महामंत्री गौरव गुप्ता दिल्ली में प्रारंभ की। महासंघ के कार्यवाहक पदेन अध्यक्ष आर.पी. गुप्ता के स्वागत भाषण दिया।



### जनकल्याण पर्व के तहत नरेन्द्रसिंह महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

**जावरा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के अन्तर्गत 24 दिसम्बर को गोद लिए ग्राम बन्नाखेड़ा में शहीद नरेन्द्रसिंह शिक्षा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम. के. शर्मा के निर्देशन एवं व्याख्याता मधु शर्मा, सुमरनसिंह डागुर के नेतृत्व में बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम तथा प्लास्टिक मुक्त मध्यप्रदेश, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बी.एड. प्रशिक्षणार्थी पारस सुर्यवंशी व चंद्रिका जादव ने प्लास्टिक मुक्त म.प्र. विषय पर, प्रियंका सेठिया व ज़किरूद्दीन कुरैशी ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर निलेश परमार, अमर ज्योति सिसोदिया, नाहरूखां ने व्याख्यान संदेश दिया। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त मध्यप्रदेश हेतु संदेश रैली निकालकर सभी को शपथ दिलाई गई एवं शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के संजय त्रिपाठी, पंकज पांचाल, राजेन्द्र गुप्ता, सुषमा त्रिपाठी, मुस्कान चौहान, कमलेश कांगडे आदि उपस्थित रहे।

## दिलचस्प कहानी मजबूत किरदार...




स्टार प्लस का शो झनक दिलचस्प कहानी और मजबूत किरदारों के साथ दर्शकों को बांधे हुए है। हिबा नवाब, जो झनक का किरदार निभा रही हैं, और कृषाल आहुजा, जो अनिरुद्ध का रोल कर रहे, पॉपुलर हो गए हैं। चांदनी शर्मा, जो अर्शी का किरदार निभा रही हैं, ने भी नया ट्विस्ट दिया है। जैसे-जैसे झनक चुनौतियों का सामना करती है, वैसे वैसे शो एक्साइटमेंट बनाए हुए रखता है। मेकर्स ने एक रोमांचक प्रोमो रिलीज़ किया। अनिरुद्ध, जो झनक के लिए गहरी भावनाओं को समझ चुका है, रिलेशनशिप को अगले लेवल पर ले जाते हुए उससे शादी करने का फैसला करता है। फैसला न सिर्फ उसके भविष्य पर असर डालेगा, बल्कि झनक के साथ उसके रिश्ते का भविष्य भी तय करेगा। आने वाला ट्रैक काफी इमोशनल मोड़ों से भरा होगा। जैसे-जैसे इन अनसुलझे सवालों का हल निकलेगा, ड्रामा और भी अलग लेवल पर पहुंचा हुआ नजर आएगा।

## तेज़-तर्रार और महत्वाकांक्षी बिज़नेसवुमन...

शो 'जमाई नं. 1' हंसी और ड्रामा से भरपूर शो है। नील परांजपे (अभिषेक मलिक) और रिद्धि चोटवानी (सिमरन कौर) की अनोखी कहानी है। रिद्धि एक तेज़-तर्रार और महत्वाकांक्षी बिज़नेसवुमन है, जिसने बचपन से किसी पर भी भरोसा न करने की आदत है। बेहद आत्मनिर्भर है, लेकिन उसकी ज़िंदगी उसकी मां कंचन चोटवानी (पापिया सेनगुप्ता) के नियंत्रण में है। अलग और अनोखा है। एक वर्कोहॉलिक और आत्मनिर्भर महिला से लेकर प्यार और भरोसे को फिर से तलाशने का उसका सफर बेहद इमोशनल और हौसला देने वाला है। इस कहानी में ड्रामा, फैमिली बॉन्डिंग, रोमांस और हल्के-फुल्के पल हैं, जो यकीनन दर्शकों के दिलों को छू लेंगे। रिद्धि एक ऐसा किरदार है, जिसमें कई परतें हैं। वो एक मजबूत और आत्मनिर्भर लड़की है, जिसने नासिक में अपनी मेहनत से वाइनरी का बड़ा कारोबार खड़ा किया है।



## शाहरुख की 'डर' और नाना की 'अग्नि साक्षी' की याद आएगी...



शाहरुख खान की 'डर' और नाना पाटेकर की फिल्म 'अग्नि साक्षी' की याद आएगी लव इज़ फॉरएवर हॉरर फिल्मों का अलग ही क्रेज है। 'मुंजा' 'स्त्री 2' और भूल भुलैया 3 को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हॉरर बॉलीवुड फिल्म लव इज़ फॉरएवर रिलीज होने जा रही है। एक्टर रुसलान मुमताज ने बताया कि यह अलग लव स्टोरी है। इसमें एक कपल को कोई परेशान कर रहा है। जब भी दोनों कपल साथ होने की कोशिश करते हैं, कुछ हादसे होते रहते हैं, जिससे दोनों डिस्टर्ब हो जाते हैं। हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। इस फिल्म में मेरा किरदार काफी अलग है। फिल्म की स्टोरी सुनी तो बहुत ही दिलचस्प लगी। एक्ट्रेस कर्णिका मंडल ने कहा कि यह एक ट्रैनगल लव स्टोरी फिल्म है। इसमें ऐसे बहुत सारे सिचुएशन आते हैं, जिसे देखकर दर्शक चौंक जाएंगे। कपल हनीमून पर जाते हैं तो कुछ ना कुछ होता रहता है। ऐसी कोई तीसरी शक्ति है जो इनको एक होने से रोकती है। एक्टर राहुल डी कुमार ने बताया कि फिल्म देखने के बाद दर्शकों को शाहरुख खान की 'डर' और नाना पाटेकर की फिल्म 'अग्नि साक्षी' की याद आएगी,। लव इज़ फॉरएवर को एस.श्रीनिवास ने डायरेक्ट किया है।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति की पसंदीदा भारतीय फ़िल्म...

साल 2024 सिनेमा के लिए बहुत ही बेहतरीन रहा। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में बहुत सी शानदार फ़िल्में रिलीज़ हुई, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। भारत में फ़िल्मों को लेकर जितना उत्साह देखने मिलता है, उतना ही उत्साह विदेशों में भी देखने को मिलता है। साल 2024 के ख़त्म होते होते अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी पसंदीदा फ़िल्मों की लिस्ट अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है, जिसमें एक भारतीय फ़िल्म का नाम भी शामिल है। अपने इंस्टग्राम हैंडल पर उन्होंने ये लिस्ट शेयर की है, जिसमें लिस्ट का टाइटल दिया है- बराक ओबामा की साल 2024 की पसंदीदा फ़िल्में। हर साल की तरह इस साल भी ओबामा ने फ़िल्मों की लिस्ट शेयर करके उन्हें देखने की सलाह दी है।

### ओबामा की फेवरेट भारतीय फ़िल्म

बराक ओबामा ने जो लिस्ट शेयर की है उसमें सबसे पहला नाम भारतीय फ़िल्म ऑल वी इमेजिन इज लाइट का नाम है। ऑल वी इमेजिन इज लाइट 21 सितंबर को रिलीज़ हुई थी। इस फ़िल्म की डायरेक्टर पायल कपाड़िया है इस फ़िल्म ने 23 से ज़्यादा ख़िताब अपने नाम किए है।




यह फ़िल्म हिंदी, मलयालम और मराठी भाषा में देखी जा सकती है। यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर तो इतना कमाल नहीं कर पाई, लेकिन बहुत से अवार्ड्स अपने नाम किए है। ऑस्कर के बाद दूसरे सबसे बड़े अवॉर्ड् कान्स में इस फ़िल्म ने ग्रैंड प्राइज ऑफ फेस्टिवल का अवार्ड जीता था।


### फ़िल्म की कहानी

पायल कपाड़िया की फ़िल्म एक नर्स की ज़िंदगी पर आधारित है। फ़िल्म की कहानी एक नर्स के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती नज़र आती है। नर्स जिसका नाम प्रभा है वह अपने पति से बहुत समय से अलग रहती है, अचानक एक दिन उसे अपने पति का दिया गिफ्ट मिलता है, बस यहीं से उसकी ज़िंदगी पूरी तरह बदल जाती है और उसका पूरा जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

### कौन है पायल कपाड़िया ?

पायल भारतीय फिल्ममेकर है, उन्हें उनकी फ़िल्म ए नाईट ऑफ नोइंग नथिंग के लिए 2021 कान्स फ़िल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का गोल्डन आई अवार्ड जीतने के लिए जाना जाता है। पायल मुंबई की रहने वाली है, इन्होंने आंध्र प्रदेश से स्कूल की है, उसके बाद मुंबई के सेंट जेवियर कॉलेज से इकोनॉमिक से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। इसके बाद इन्होंने फ़िल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट में फ़िल्म डायरेक्शन का कोर्स किया।

# भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला 23 फरवरी को




दुबई (एजेंसी)। भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी लीग मैच दुबई में खेलेगा, जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला 23 फरवरी को होगा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को यह घोषणा की। जैसा कि आईसीसी आयोजनों में होता रहा है, भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है, जिसमें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश भी हैं।

ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड शामिल हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच 19 फरवरी को कराची में खेला जाएगा, जब मेजबान पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा और फाइनल 9 मार्च को होगा। टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर गतिरोध खत्म होने के बाद बहुत विलंब से चल रहे टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की गई, जिसमें ICC ने भारत के खेलों को तटस्थ स्थान पर रखने की इच्छा जताई, जबकि 2027 तक भारत में द्विपक्षीय आयोजनों के लिए पाकिस्तान के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था की गई।

## सभी टीमों के ग्रुप

ग्रुप ए - पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश

ग्रुप बी - साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड

### चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल



19 फरवरी, पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, कराची, पाकिस्तान
20 फरवरी, बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई
21 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, कराची, पाकिस्तान
22 फरवरी, ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, लाहौर, पाकिस्तान
23 फरवरी, पाकिस्तान बनाम भारत, दुबई
24 फरवरी, बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, रावलपिंडी, पाकिस्तान
25 फरवरी, ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, रावलपिंडी, पाकिस्तान
26 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड, लाहौर, पाकिस्तान
27 फरवरी, पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, रावलपिंडी, पाकिस्तान
28 फरवरी, अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, लाहौर, पाकिस्तान
1 मार्च, दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कराची, पाकिस्तान
2 मार्च, न्यूजीलैंड बनाम भारत, दुबई
4 मार्च, सेमीफाइनल 1, दुबई
5 मार्च, सेमीफाइनल 2, लाहौर, पाकिस्तान
9 मार्च, फाइनल, लाहौर (जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, तब तक यह दुबई में खेला जाएगा)
10 मार्च, रिजर्व डे




# 260 फीट तक उठा लावा, इसकी गैस से इंसानों-जानवरों को खतरा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के हवाई द्वीप में मौजूद दुनिया के सबसे एक्टिव ज्वालामुखी किलाउवे में सोमवार को देर रात करीब दो बजे विस्फोट हुआ। विस्फोट के बाद लावा 260 फीट (80 मीटर) तक ऊपर उठकर जमीन पर फैल गया। यह ज्वालामुखी साल 1983 से एक्टिव है और समय-समय पर इसमें विस्फोट होते रहते हैं। ज्वालामुखी विस्फोट से निकली गैस से लोगों को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए अलर्ट जारी किया गया है। अमेरिकी एजेंसी के मुताबिक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद निकले राख समुद्र तल से 6000-8000 फीट ऊंचाई तक उड़ रहे हैं। इसे हवाएं दक्षिण-पश्चिम की ओर ले जा रही हैं। दरार से निकलने वाला सल्फर डाइऑक्साइड वायुमंडल में मौजूद अन्य गैसों के साथ मिलकर इंसानों और जानवरों के साथ-साथ फसलों को भी प्रभावित कर सकता है। वहीं, लावा की मोटाई करीब 3 फीट है।

# अमेरिका में अब दो ही लिंग होंगे, पुरुष और महिला, प्रवासियों पर भी मुसीबत

## नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रांसजेंडर को रोकने का लिया संकल्प

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के पहले दिन ही ट्रांसजेंडर को रोकने का संकल्प लिया है। एक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा कि मैं बाल यौन शोषण को खत्म करने, ट्रांसजेंडरों को सेना से, हमारे प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों और उच्च विद्यालयों से बाहर निकालने के लिए आदेशों पर हस्ताक्षर करूंगा।

ट्रंप ने महिलाओं के खेलों से पुरुषों को दूर रखने की बात भी की और कहा कि यह अमेरिकी सरकार की आधिकारिक नीति होगी कि केवल दो ही लिंग होंगे, पुरुष और महिला। ट्रांसजेंडर मुद्दों ने अमेरिकी राजनीति को हिलाकर रख दिया है। डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन-नियंत्रित राज्य चिकित्सा उपचार और सार्वजनिक या स्कूल पुस्तकालयों में इस विषय पर कौन सी पुस्तकों की अनुमति है जैसी नीति पर अलग-अलग दिशाओं में चले गए हैं। ट्रंप ने प्रवासियों के खिलाफ तत्काल कदम उठाने का वादा भी किया है। ड्रग कार्टेलों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने की कसम खाई और पनामा नहर पर अमेरिकी नियंत्रण बहाल करने की अपनी बात को दोहराया है।

ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण समारोह का जिक्र करते हुए कहा कि 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका विफलता, अक्षमता, राष्ट्रीय पतन के चार लंबे, भयानक सालों का पन्ना हमेशा के लिए पलट देगा और हम शांति, समृद्धि और महानता के एक नए युग की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मैं रुस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता को रोक दूंगा और मैं वादा करता हूं कि मैं तीसरे विश्व युद्ध को भी रोकूंगा। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग हमारे सामने है। ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर सकता है जिसे अमेरिका ने ''मूर्खतापूर्ण'' तरीके से पनामा को सौंप दिया था। उन्होंने अपनी इस बात के पीछे तर्क दिया कि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाली इस नहर से गुजरने के लिए जहाजों से बेवजह शुल्क वसूला जाता है।

# चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था। याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को रमेश ने कहा था- चुनाव आयोग पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जाएगी। चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2)(ए) में बदलाव किया है। नियम 93 कहता है कि चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे। इसे बदलकर चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज नियमानुसार पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया था कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। इसी कारण इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पब्लिक करने पर रोक लगाई गई है। हालांकि बदलाव के बाद भी ये रिकाड्र्स कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। दरअसल, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े दस्तावेज याचिकाकर्ता से साझा करने का निर्देश दिया था। इसमें सीसीटीवी फुटेज को भी नियम 93(2) के तहत माना गया था। हालांकि चुनाव आयोग ने कहा था कि इस नियम में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड शामिल नहीं है। इस अस्पष्टता को दूर करने के लिए नियम में बदलाव किया गया है। चुनाव आयोग ने बताया कि नामांकन फॉर्म, चुनाव एजेंटों की नियुक्ति, चुनाव रिजल्ट और इलेक्शन अकाउंट स्टेटमेंट जैसे दस्तावेजों का उल्लेख कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल में किया गया है। आचार संहिता के दौरान उम्मीदवारों के सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते हैं। आयोग के एक पूर्व अधिकारी ने बताया कि पोलिंग स्टेशन की सीसीटीवी कवरेज और वेबकास्टिंग कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल के तहत नहीं की जाती, बल्कि यह ट्रांसपेरेंसी के लिए होती है। वहीं, आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां नियमों का हवाला देकर इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मांगे गए। संशोधन यह सुनिश्चित करता है कि नियमों में बताए गए कागजात ही सार्वजनिक हों। अन्य दस्तावेज जिनका नियमों में जिक्र नहीं है, उसे पब्लिक करने की अनुमति न हो। इसी साल जनवरी में चंडीगढ़ मेयर चुनाव में चुनाव अधिकारी के बैलट पेपर से छेड़छाड़ का सीसीटीवी वीडियो सामने आया था। यह चुनाव आप और कांग्रेस ने मिलकर लड़ा था। वोटिंग के बाद चुनाव अधिकारी अनिल मसीह ने रिजल्ट घोषित किया। इसमें भाजपा कैंडिडेट मनोज सोनकर को 16 वोट मिले। वहीं आप-कांग्रेस कैंडिडेट कुलदीप टीटा को 12 वोट मिले। चुनाव अधिकारी ने गठबंधन कैंडिडेट के 8 वोट इनवैलिड बताए। इस पर आप-कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मसीह ने बैलेट पर खुद निशान लगाकर इनवैलिड किया है।




**ढाका ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की परेशानियां खत्म होने के नाम नहीं ले रही हैं। मोहम्मद यूनुस की सरकार लगातार उनके खिलाफ नए आरोप लगा रही है।

अब बांग्लादेश में एंटी करप्शन कमीशन ने हसीना और उनके परिवार के खिलाफ करीब 42,600 करोड़ रुपए (5 बिलियन डॉलर) गबन की जांच शुरू की है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक हसीना पर आरोप है कि उन्होंने राजधानी ढाका से 160 किमी दूर रूपपुर में रूस द्वारा डिजाइन किए गए न्यूक्लियर पावर प्लांट में यह गबन किया था। रूस की सरकारी कंपनी रोसाटॉम द्वारा बनाए जा रहे इस प्लांट में भारतीय कंपनियों की भी हिस्सेदारी है। हसीना के खिलाफ जांच शुरू करने का फैसला तब किया गया जब बांग्लादेशी हाई कोर्ट ने कुछ दिन पहले एंटी करप्शन कमीशन से पूछा था कि इस मामले में आपकी निष्क्रियता को क्यों अवैध घोषित न किया जाए? इस मामले में शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय, बहन रेहाना और भतीजी ट्यूलिप सिद्दीक को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि इन्होंने गबन की रकम को मलेशियाई बैंक में ट्रांसफर किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्यूलिप सिद्दीक, शेख रेहाना और अन्य लोगों को कमीशन के तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग की रकम का 30 प्रतिशत मिला था। शेख हसीना फिलहाल भारत में रहती हैं, जबकि उनका बेटा अमेरिका में है और उनकी भतीजी ब्रिटेन में हैं। हालांकि शेख रेहाना के बारे में अभी कोई कंफर्म जानकारी नहीं है।

### शेख हसीना पर हत्या अपहरण समेत 225 मामले दर्ज

बांग्लादेश में भारत से शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने इसे लेकर एक चिट्ठी भी भेजी है। तौहीद हुसैन का कहना है कि बांग्लादेश सरकार कानून का सामना करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री को वापस चाहती है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। वहीं, बांग्लादेशी सरकार ने चेतावनी दी है कि भारत में रहते हुए हसीना की तरफ से दिए जा रहे बयान दोनों देशों के संबंध बिगाड़ रहे हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com